**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांकः 22.07.2025** **समय : 01:00 पी.एम.**

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज केकडी के एक दिन के दौरे पर रहेंगे। वे कृषि उपज मंडी में **आयोजित कार्यक्रम में** विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही अन्य कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस दौरान जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत भी मौजूद रहेंगे। जिला कलेक्टर लोकबंधु ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन पर आज जिले में विभिन्न विभागों के सहयोग से हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधे लगाये जायेंगे। इस दौरान 1 लाख 51 हजार पौधे एक साथ लगाकर रिकॉर्ड बनाया जायेगा।

00000

राज्य सरकार ने भूमि विकास बैंकों के अवधिपार ऋणों के लिए लाई गई एकमुश्त समझौता योजना की अवधि 30 सितम्बर तक बढ़ा दी है। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने कहा कि इससे ऋणी सदस्यों और भूमि विकास बैंकों को एक और बेहतर अवसर मिला है। अब तक वंचित रहे पात्र ऋणी सदस्य तय समयावधि में लाभ ले सकते है। उन्होंने जयपुर से वीडियो कांफ्रेंन्सिंग के माध्यम से सहकारी भूमि विकास बैंकों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैंकों को बकाया ऋणों की अधिक से अधिक वसूली के प्रयास करने को कहा।

0000

आज राष्ट्रीय झंडा दिवस है। वर्ष 1947 में संविधान सभा द्वारा भारत के राष्ट्रीय ध्वज को अंगीकार करने की याद में हर वर्ष 22 जुलाई को देश में राष्ट्रीय झंडा दिवस मनाया जाता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को 'राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस' की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में कहा कि यह दिवस तिरंगे के मान–सम्मान और गौरव को समर्पित है। उन्होंने प्रदेशवासियों से राष्ट्रध्वज 'तिरंगे' के गौरव की रक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया।

00000

बीकानेर में श्रीडूंगरगढ़ के पास कल देर रात एक सड़क हादसे में पांच लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ये हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग–11 पर सिखवाल उपवन के पास दो कारों की आमने–सामने की टक्कर से हुआ। **पुलिस** ने बताया कि हादसे मे मृतक चार युवक खाटूश्याम दर्शन कर लौट रहे थे। वहीं दूसरी कार में सवार एक युवक की भी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

00000

राज्य में बीते 24 घंटों में कहीं कहीं हल्की बरसात दर्ज की गयी। सबसे अधिक 13 मिलीमीटर बरसात राजसमंद के भीम में हुई। मौसम विभाग ने आज और कल बीकानेर, जयपुर, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर और कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जतायी है। वहीं कोटा और भरतपुर संभाग में कल कहीं–कहीं मध्यम से तेज बारिश हो सकती है। विभाग के अनुसार वर्तमान में बंगाल की खाड़ी में एक परिसंचरण तंत्र बना हुआ है। इसके प्रभाव से 24 जुलाई के आसपास एक नया कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके असर से पूर्वी राजस्थान में 27 से 30 जुलाई के दौरान भारी बारिश की गतिविधियों में फिर से बढ़ोतरी होने के आसार है।

00000

पाली के केन्द्रीय विद्यालय की छात्राओं ने 54वीं राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। पंजाब के जालंधर में आयोजित राष्ट्र स्तरीय केंद्रीय विद्यालय खेलकूद हैंडबाल प्रतियोगिता में अंडर–14 आयु वर्ग में उन्होंने ये पदक जीता। वहीं अंडर–17 आयु वर्ग की छात्राओं ने रजत पदक हासिल किया। पाली लौटने पर खिलाड़ियों का शहरवासियों ने स्वागत किया। जिला कलेक्टर एलएन मंन्त्री ने भी टीम को बधाई दी।

0000

जयपुर जिले में पंच गौरव के प्रोत्साहन के लिए वनस्पति प्रजाति और उपज संरक्षण और संवर्धन अभियान की शुरूआत हुई। जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कलक्ट्रेट परिसर में जयपुर जिले के पंच गौरव में शुमार एक वनस्पति प्रजाति– लिसोड़ा और एक उपज– आंवले का पौधा लगाकर अभियान की शुरूआत की। उन्होंने अभियान पर आधारित एक पुस्तिका का विमोचन भी किया। अभियान के तहत उपखण्ड स्तर पर भी जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आंवले और लिसोड़े के पौधे लगाए। अभियान का लक्ष्य लिसोड़ा और आंवला की उपयोगिता और आवश्यकता से आमजन को परिचित करवाना तथा रोजगार की दृष्टि से जनउपयोगी बनाना है।

0000

नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस में कल से तीजोत्सव और हस्तशिल्प मेला शुरू होगा। मेले में परंपरागत राजस्थानी व्यंजनों की उपलब्धता मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी। 30 जुलाई तक चलने वाले इस मेले में आमजन सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक निःशुल्क भ्रमण कर सकेंगे। साथ ही हस्तशिल्प सामानों की खरीदारी और राजस्थानी व्यंजनों का भरपूर आनंद ले सकेंगे।

00000